FIRST TERM EXAMINATION – 2025

Class VII

Subject: Hindi (2nd Language)

Reading Time: 15 minutes

Full Marks: 80

Writing Time: 2 hrs 30 minutes

This Paper comprises of two Sections

Section A and Section B

Attempt all Questions from Section A

Section B – Question 5 is not compulsory

Section A (40 marks)

Attempt all Questions

Question - 1 (15)

निम्नलिखित विषयों मे से किसी एक विषय पर लेख लिखिए: -

क. शहरों में बढ़ता प्रदूषण

ख. वृक्ष हमारे मित्र

ग. मेरे स्कूल का पुस्तकालय

Question - 2 (7)

निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए

क. मनपसंद पुस्तकें खरीदने के लिए पिताजी को पत्र लिखकर पैसे भेजने का अनुरोध कीजिए,

ख. कक्षा मे एक लड़की आपको बहुत परेशान करती है, इस बात की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए,

Downloaded From www.icseboard.org

Question - 3

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

शाम का समय था। एक बालक बाग में गेंद से खेल रहा था। गेंद उछल कर लताओं में उलझ गई। वह एक लाठी की सहायता से उसे गिराने लगा। उसी समय उसकी माँ वहाँ आई और बोली,"बेटा पौधे सो गए है। उन्हे जगाओ मत। गेंद कल सवेरे निकाल लेना।"

माँ की बात सुनकर बालक सोचने लगा कि पेड़ पौधे यदि हमारी तरह सोते और जागते हैं तो वे हमारी तरह साँस भी लेते होंगे।वे खाते भी होंगे और हमारी तरह दुख-सुख का अनुभव भी करते होंगे। इस प्रकार वह बालक सोचता - सोचता कभी पीपल के पेड़ के नीचे जा बैठता, तो कभी पेड़ की छाया में लेट जाता।

जब वह बालक, बड़ा हुआ तो उसने पेड़-पौधों के बारे में विचित्र बातों का पता लगाया। उसकी विचित्र बातों से और नई खोजों से संसार आश्चर्यचकित रह गया। लोग उसे पूरब का जादूगर कहने लगे।

उस बालक का नाम था- जगदीश चंद्र बसु। जगदीश चंद्र का जन्म ढाका जिले के एक गाँव में सन् १८५८ ईस्वी में हुआ। इनके पिता भगवान चंद्र बसु फरीदकोट में डिप्टी कलेक्टर थे। उन्होंने अपने गाँव की पाठशाला में जगदीश चंद्र को पढ़ने भेजा। बड़े होने पर वह कोलकाता में सेंट जेवियर्स कॉलेज में पढ़े और विज्ञान की उच्च शिक्षा पाई। इग्लैंड में भी वे कई वैज्ञानिकों के साथ विज्ञान की खोज करते रहे।

क. बालक की गेंद कहाँ फँस गई थी और वह उसे वहाँ से कैसे निकाल रहा था ? (2)

ख. माँ की बात सुनकर जगदीशचंद्र क्या सोचने लगा ? (2)

ग. उसने कैसे संसार को आश्चर्यचकित कर दिया ? (2)

घ. उनका जन्म कब और कहाँ हुआ ? (2)

Downloaded From www.icseboard.org

ङ. जगदीश चंद्र बसु ने उच्च शिक्षा कहाँ और किस विषय में पाई ? (2)

Question: - 4

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए : -

क. 2 पर्यायवाची शब्द लिखे : - (2)

पक्षी , तालाब

ख. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखे : - (2)

जलज,जलद ;

कपट, कपाट;

ग. निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखें (2)

जहाँ जाना सरल हो

जो बात कही न गई हो

घ. क्रियाविशेषण भेद बताएँ: - (2)

(i) मेरी माँ हर कार्य सावधानीपूर्वक करती है ।

(ii) प्रतिदिन हमें ईश्वर का स्मरण करना चाहिए।

Section - B

(40 Marks)

Question 5 is not compulsory.

Question - 5 (10)

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए -

अरमान, आकुल, प्रबंध, यथाशक्ति, कायाकल्प, तपिश, सृष्टि, अनुसंधान, दुर्बल, भयंकर

Downloaded From www.icseboard.org

Attempt any 3 Questions

Question - 6

हम बहता जल पीने वाले
मर जाएँगे भूखे प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक कटोरी की मैदा से

क. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है ? कवि का नाम लिखिए। (2)

ख. पक्षी कैसा जल और किस तरह का खाना पसंद करते है ? (2)

ग. सोने के पिंजरे मे रहकर भी पक्षी प्रशन्न क्यों नहीं है ? (3)

घ. इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है? (3)

Question - 7

"हाथी के पैरों से कुचलवाकर इन्हें मार डालो"

क. प्रस्तुत पंक्तियों के वक्ता और श्रोता का नाम लिखिए। (2)

ख. किन्हें सजा देने का आदेश दिया गया और क्यों? (2)

ग. मुखिया कैसा व्यक्ति था ? (3)

घ. इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है? (3)

Question - 8

"मानव के बढ़ते कदम ने पृथ्वी पर आज तापक्रम को इतना बढ़ा दिया है कि वह तपिश मुझ तक पहुँचने लगी है"

क. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई ? इसके लेखक कौन है? (2)

ख. ग्रीष्म ऋतु मे लोग किसका इंतज़ार करते है ? (2)

ग. बादल का जन्म कैसे होता है ? (3)

घ. मनुष्य किस प्रकार पृथ्वी को हानि पहुँचा रहा है ? (3)

Downloaded From www.icseboard.org

Question - 9

व्यक्ति के विकास मे अनुशासन का महत्व बहुत अधिक है ।

क. अनुशासन का अर्थ क्या है ? (2)

ख. आज अनुशासनहीनता कैसा रूप धारण करती जा रही है ? (2)

ग. बच्चों को अनुशासन कहाँ कहाँ सिखाया जाता है ? (3)

घ. अनुशासनहीन देश कैसा हो जाता है ? (3)

Downloaded From www.icseboard.org